मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः02.04.2026

चिकित्सक से उपचार हेतु अपॉइन्टमेंट बुक करने के नाम पर पीड़िता के खाते से हुई साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹47,529.3/- को थाना कछवां साइबर सेल टीम द्वारा पीड़िता के खाते में कराया गया वापस—

दिनांकः13.07.2024 को आवेदिका मिन्नी राय पत्नी अनादि नाथ गौतम निवासिनी बाड़ापुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर द्वारा थाना कछवां साइबर सेल टीम को सूचना दी गयी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर ऐप इंस्टॉल करके चिकित्सक से उपचार हेतु अपॉइंटमेंट बुक करने के नाम पर ₹50,000/- की साइबर ठगी की गयी। उपरोक्त सूचना पर थाना कछवां साइबर सेल टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत संख्या 23107240076917 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए जांच प्रारंभ की गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां साइबर सेल टीम द्वारा जाँच के दौरान साइबर फ्राड की उपरोक्त घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹47,529.3/- पीड़िता के खाते में वापस कराए गये। पैसे वापस मिलने पर आवेदिका द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं थाना कछवां साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदिका को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

थाना कछवां साइबर सेल टीम—

निरीक्षक अमरजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक थाना कछवां, मीरजापुर।

उपनिरीक्षक साहिद यादव व आरक्षी संजीत मौर्य, थाना कछवां, मीरजापुर।

साइबर सेल कछवाँ मीरजापुर
REFUND
AMOUNT RS.
47529.3/-

****